एफएसएसएआई
fssai

For immediate release

सीईओ, एफएसएसएआई ने चाय उत्पादन की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए असम में चाय उत्पादकों और बागवानों के साथ चर्चा की

प्रेस विज्ञप्ति

केलीडेन, असम, 19 जनवरी, 2024: चाय उत्पादन की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के सीईओ श्री जी कमला वर्धन राव ने चाय उत्पादकों को संबोधित किया। शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 को केलीडेन असम में चाय बागान मालिकों के साथ एक इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया । इस आयोजन में एफएसएसएआई, चाय बोर्ड, चाय अनुसंधान संस्थान, चाय बागान मालिक, चाय प्रोसेसर, उद्योग संघ और राज्य के खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों सहित प्रमुख हितधारकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

चर्चा का केंद्र बिंदु कच्चे माल के लिए ट्रैसेबिलिटी और परीक्षण उपायों को बढ़ाना था, कीटनाशक अवशेषों के लिए प्रत्येक बैच की स्क्रीनिंग की आवश्यकता पर जोर देना और 2011 के खाद्य सुरक्षा और मानक विनियमों (एफएसएसआर)में निर्धारित कीटनाशकों के उपयोग की अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) का पालन करना था। । श्री राव ने जैव-कीटनाशकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया और संयुक्त निरीक्षण, नमूनाकरण और परीक्षण प्रक्रियाओं के लिए चाय बोर्ड के साथ सहयोग को प्रोत्साहित किया।

सत्र के दौरान, टी बोर्ड ने बागान मालिकों के बीच जागरूकता अभियानों के महत्व पर जोर दिया ताकि उन्हें सुरक्षित कृषि प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए कटाई के अंतराल के रखरखाव के बारे में शिक्षित किया जा सके। बागान मालिकों ने चाय की खेती में अनाधिकृत कीटनाशकों के इस्तेमाल पर चिंता जताई और राज्य सरकार से ऐसे पदार्थों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। प्रोसेसर्स ने कीटनाशक परीक्षण को सुव्यवस्थित करने के लिए फार्म गेट स्तर पर तेजी से परीक्षण किट के प्रावधान की वकालत की। वैज्ञानिक पैनल के सदस्यों द्वारा विशिष्ट कीटनाशकों, निगरानी प्रक्रियाओं और ऑफ-लेबल उपयोग की रोकथाम पर विस्तृत विचार-विमर्श में की जा रही है।

विशेष रूप से, एफएसएसएआई कीटनाशक परीक्षण के लिए समर्पित प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए असम को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। बैठक के दौरान सभी हितधारकों के साथ नियमित बातचीत की आवश्यकता और उपभोक्ताओं को सुरक्षित चाय की उपलब्धता की गारंटी के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में श्री अमरदीप सिंह भाटिया, आईएएस, अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य और उद्योग विभाग (DoC&I) और टी बोर्ड के अध्यक्ष; श्री सौरव पहाड़ी, आईएएस, उपाध्यक्ष, टी बोर्ड, कोलकाता; सुश्री इनोशी शर्मा, कार्यकारी निदेशक, एफएसएसएआई और एफएसएसएआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक पैनल के सदस्य और विभिन्न उद्योग संघों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

इस बैठक के जरिए एफएसएसएआई ने सभी हितधारकों के सहयोगात्मक प्रयासों ने अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया और देश में सुरक्षित, टिकाऊ और गुणवत्ता-संचालित चाय उत्पादन को बढ़ावा दिया।